# एक दिवसीय शिविर : विश्व एड्स दिवस

दिनाँक : 01.12.22

आज दिनाँक 01.12.2022 को सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय , रूद्रपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर कमल किशोर पाण्डेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए एड्स से बचाव के लिए जागरूकता पर बल दिया । जन सामान्य को जागरूक करने में स्वयंसेवियों के महत्व को रेखांकित करते हुए आपने बताया कि कल तक एड्स से जुड़े जिन पहलुओं पर चर्चा करना समाज में शर्म और झिझक का कारण था , आज जागरूकता बढ़ने के साथ उस पर खुल कर बातचीत हो रही है । आपने शिविर में उपस्थित स्वयंसेवियों का आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज से जुड़कर समाज में व्याप्त बुराइयों और कुरीतियों के उन्मूलन में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दें ।

स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी जन्तु विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. दीपमाला ने एड्स से जुड़े विभिन्न वैज्ञानिक और चिकित्सकीय पहलुओं की जानकारी दी तथा एड्स के सम्बन्ध में फैली विभिन्न भ्रान्तियों का निराकरण भी किया । बी.कॉम. द्वितीय वर्ष के स्वयंसेवी कैलाश ने शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए एड्स के सम्बन्ध में बहुत ही सारगर्भित जानकारी दी और आगे बढ़कर अपने सम्पर्क में आने वाले लोगों को इस बीमारी के सम्बन्ध में जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया । इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राघवेंद्र मिश्र, डॉ. राजेश कुमार सिंह ने भी सम्बोधित किया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान के विभाग प्रभारी डॉ. हरीश चंद्र और स्वयंसेवी रमेश कोली, पूजा, प्रशान्त कुमार, अमन कोरी , अंकित कुमार , रानी , बबिता, वर्षा , शहरीन, अनामिका , वंदना सिंह, दीक्षा आर्या, शिवांशु, राजकुमार , पिंकी , अंजली , नवनीत,सुहेल , आदित्य सिंह , नेहा, हेमा, किरण मजुमदार , सोनिया ,धर्मेन्द्र आदि उपस्थित रहे ।

01/12/22

विश्व एड्स दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर- दिनाँक - 01.12.22 (01)

# लोगों को एड्स से बचाव के लिए किया जागरूक

## विश्व एड्स दिवस पर डीएम ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, बोले - असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित खून से फैलता है एड्स

दैनिक जागरण 02/12/22

**संदेश**



रुद्रपुर गांधी पार्क में रैली को हरी झंडी देकर रवाना करते डीएम युगल किशोर पंत • जागरण

### एड्स के रोगी नहीं होते अछूत

जासं, रुद्रपुर : श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर एनएसएस शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. सुगंधा भारद्वाज ने किया। सीएमओ डा. सुनीता चुफाल रतूड़ी, एसीएमओ डा. हरेंद्र मलिक, प्रदीप मेहर एवं नवल किशोर ने एड्स से बचाव की जानकारी दी। प्रियंका, हना, खुशी ने कहा कि एड्स के रोगी अछूत नहीं होते है। प्राचार्य डा. सतविंदर कौर ने कहा कि सावधानी के साथ इस बीमारी को रोका जा सकता है। इस मौके पर डा. ज्योति, डा. शिल्पा, डा. चंपा, डा. नीमा, रजनी, डा. श्वेता, डा. रेखा, डा. नेहा, डा. नीतू मौजूद थीं।

### जसपुर में रैली से दिया संदेश

संसू, जसपुर : वीरस्वी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं ने एड्स दिवस पर नगर में रैली निकाल महिलाओं को जागरूक किया। बुधवार को छात्राओं ने सुभाष चौक, गांधी पार्क, मुख्य बाजार मार्ग आदि मार्गों पर पर रैली निकाली। बाद में सरकारी अस्पताल में महिला चिकित्सा अधिकारी टी पूजा व डा. नरेश ने एड्स के लक्षण व बीमारी से बचाव की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य अर्चना अग्रवाल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कार्यक्रम अधिकारी डा. नीता जोशी, सुषमा त्यागी, डा. पांडेय, निधि मलकानी, राकेश शर्मा, संजय राजपूत मौजूद थे।



काशीपुर राजकीय कन्या इंटर कालेज में निकाली गई जागरूकता रैली • जागरण

### स्वयंसेवियों ने स्कूल में चलाया स्वच्छता अभियान

जासं, काशीपुर : राजकीय कन्या इंटर कालेज ने विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली की अगुआई प्रधानाचार्या गीता जयस्वाल ने की। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से शिविर भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रमिला भारती ने स्वयंसेवियों को इसके महत्व के बारे में बताया। स्वयंसेवियों ने स्कूल में स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस अवसर पर कार्यक्रम सहायक चंद्रकला, दीया तिवारी, मनीषा व कार्यक्रम अधिकारी प्रमिला भारती आदि मौजूद रहीं।

जागरण संवाददाता, रुद्रपुर : विश्व एड्स दिवस पर जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने गांधी पार्क से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें छात्र-छात्राओं, एनजीओ एवं एनसीसी कैडेट की रैली गांधी पार्क से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली गई। लोगों को एड्स से बचाव के लिए जागरूक किया गया। वहीं एसबीएस डिग्री कालेज में एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन हुआ।

गुरुवार को गांधी पार्क से निकाली गई रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही एड्स पीड़ितों के खिलाफ भेदभाव के विरोध में जनसमुदाय को सजग किया। डीएम ने कहा कि एड्स सिर्फ असुरक्षित यौन संबंधों से ही नहीं बल्कि यह संक्रमित खून या संक्रमित इंजेक्शन की वजह से भी फैलता है। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा सुनीता चुफाल रतूड़ी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा हरेंद्र मलिक, जिला समन्वयक प्रदीप मेहर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु, चांद मियां, नवल, राहुल श्रीवास्तव, राजेश मौजूद थे। इधर, एसबीएस डिग्री कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें स्वयंसेवियों ने लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य प्रोफेसर कमल किशोर पांडेय ने एड्स से बचाव के लिए जागरूकता पर बल दिया। जन्तु विज्ञान विभाग प्रभारी डा दीपमाला ने एड्स से जुड़े विभिन्न वैज्ञानिक और चिकित्सकीय पहलुओं की जानकारी दी तथा एड्स के संबंध में फैली विभिन्न भ्रांतियों का निराकरण भी किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. राघवेंद्र मिश्र, डा. राजेश कुमार सिंह, डा. हरीश चंद्र, रमेश कोली, पूजा, प्रशांत कुमार, अमन कोरी, अंकित कुमार, रानी, बबिता, वर्षा मौजूद थे।

# एड्स से बचाव के लिए जन जागरूकता जरूरी : प्रो. पाण्डेय

उत्तरांचल दर्पण 02/12/22



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कमल किशोर पाण्डेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए एड्स से बचाव के लिए जागरूकता पर बल दिया। जन सामान्य को जागरूक करने में स्वयं सेवियों के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि कल तक एड्स से जुड़े जिन पहलुओं पर चर्चा करना समाज में शर्म और झिझक का कारण था आज जागरूकता बढ़ने के साथ उस पर खुल कर बातचीत हो रही है।स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी जन्तु विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. दीपमाला ने एड्स से जुड़े विभिन्न वैज्ञानिक और चिकित्सकीय पहलओं की जानकारी दी तथा एड्स के सम्बन्ध में फैली विभिन्न भ्रान्तियों का निराकरण भी किया। बी.कॉम. द्वितीय वर्ष के स्वयंसेवी कैलाश ने शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए एड्स के सम्बन्ध में बहत ही सारगर्भित जानकारी दी और आगे बढ़कर अपने सम्पर्क में आने वाले लोगों को इस बीमारी के सम्बन्ध में जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राघवेंद्र मिश्र, डॉ. राजेश कुमार सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान के विभाग प्रभारी डॉ.हरीश चंद्र और स्वयंसेवी रमेश कोली,पूजा,प्रशान्त कुमार, अमन कोरी, अंकित कुमार, रानी, बबिता,वर्षा, शहरीन, अनामिका, वंदना सिंह,दीक्षा आर्या, शिवांशु, राजकुमार, पिंकी,अंजली, नवनीत,सुहेल,आदित्य सिंह,नेहा,हेमा,किरण मजूमदार, सोनिया, धर्मेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

02/12/22

02








02/12/22

एक दिवसीय शिविर

# गौराशक्ति ऐप जागरूकता कार्यक्रम

दिनाँक : 03.12.22

आज दिनाँक 03.12.2022 को सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय , रूद्रपुर में पुलिस विभाग के उप निरीक्षक अशोक सिंह फ़र्त्याल , दीप चन्द और नेहा पाण्डेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों सहित महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं को महिलाओं की सुरक्षा के लिए उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा निर्मित 'गौरा शक्ति ऐप' के बारे में विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा बहुत सारे कदम उठाये गए हैं। सितम्बर में लॉन्च किया गया गौरा शक्ति ऐप इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । गौराशक्ति ऐप मोबाइल के ऐंड्रॉयड प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध है । गूगल प्ले स्टोर से इस ऐप को डाउनलोड करके इस पर कोई भी अपना पंजीकरण करा सकता है । गौराशक्ति ऐप के माध्यम से महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में पुलिस को शिकायत कर सकती हैं । इस ऐप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति पुलिस को आस-पास घट रहे अपराध के बारे में फोटो और वीडियो सहित शिकायत कर सकता है । गौराशक्ति ऐप के माध्यम से शिकायतकर्ता के लोकेशन को ट्रैक कर पुलिस विभाग पीड़ित तक बहुत त्वरित गति से पहुँच कर आवश्यक कार्यवाही कर सकती है ।

उपस्थित छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपमाला, समाजशास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफ़ेसर हेमलता सैनी तथा प्रोफ़ेसर रवीन्द्र कुमार सैनी ने भी सम्बोधित किया तथा इस ऐप को डाउनलोड करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया । इस कार्यक्रम में एन.सी.सी. प्रभारी डॉ. शलभ गुप्ता तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी नीतू , मनीषा , दीक्षा, निकहत, रिया , आरज़ू , शाइस्ता , राहुल, भास्कर सिंह , कमल सिंह , रितिक रमोला , पायल दानू , सोनिया नेगी, सोनिया मेहर, ख़ुशबू ,सोफ़िया अंजुम, गौरव मेहता , उदित सरकार , गणेश बिष्ट , अफशां अंजुम , अलमास , रीता आर्य, कनुप्रिया , शाहीन आदि उपस्थित रहे ।

06/12/22

'गौराशक्ति ऐप' के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम (01)
दिनांक: 03/12/22

# स्वयंसेवियों व कैडेट्स को दी गौरा शक्ति एप की जानकारी

उत्तरांचल दर्पण 03/12/22

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुलिस विभाग के उप निरीक्षक अशोक सिंह फर्त्याल, दीप चन्द और नेहा पाण्डेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स सहित महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं को महिलाओं की सुरक्षा के लिए उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा निर्मित 'गौरा शक्ति ऐप' के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गौराशक्ति ऐप मोबाइल के ऐंड्रॉयड प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। गूगल प्ले स्टोर से इस ऐप को डाउनलोड करके इस पर कोई भी अपना पंजीकरण करा सकता है। गौराशक्ति ऐप के माध्यम से महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में पुलिस को शिकायत कर सकती हैं। इस ऐप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति पुलिस को आस-पास घट रहे अपराध के बारे में फोटो और वीडियो सहित शिकायत कर सकता है। गौराशक्ति ऐप के माध्यम से शिकायतकर्ता के लोकेशन को ट्रैक कर पुलिस विभाग पीड़ित तक बहुत त्वरित गति से पहुँच कर आवश्यक कार्यवाही कर सकती है। उपस्थित छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपमाला, समाजशास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफेसर हेमलता सैनी तथा प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सैनी ने भी सम्बोधित किया तथा इस ऐप को डाउनलोड करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में एन.सी.सी. प्रभारी डॉ. शलभ गुप्ता तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी नीतू, मनीषा, दीक्षा, निकहत, रिया, आरजू, शाइस्ता, राहुल, भास्कर सिंह, कमल सिंह, रितिक रमोला, पायल दानू, सोनिया नेगी, सोनिया मेहर, खुशबू, सोफिया अंजुम, गौरव मेहता, उदित सरकार, गणेश बिष्ट, अफशां अंजुम, अलमास, रीता आर्य, कनुप्रिया, शाहीन आदि उपस्थित रहे।



# पुलिस एप व गौरा शक्ति एप के प्रति किया जागरूक

दैनिक जागरण 04/12/22

**संस, बाजपुर**: पुलिस द्वारा लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों एवं आमजनमानस को जागरूक किया जा रहा है। कस्बा प्रभारी भगवान गिरि गोस्वामी द्वारा उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की महिला अधिकारी ईशा तिवारी को उत्तराखंड पुलिस एप की प्रक्रिया, गौरा शक्ति एप, आपातकालीन नंबर डायल-112, एवं साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930, की जानकारी एवं साथ ही वहां उपस्थित समस्त महिला स्टाफ को गौरा शक्ति एप में रजिस्ट्रेशन कराया गया एवं अपने साथ होने वाले किसी भी प्रकार के अपराध के प्रति जागरूक रहने व अपराध की सूचना तत्काल डायल 112/1930 व उत्तराखंड पुलिस एप के माध्यम से बटन दबाकर पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया।

### गौरा शक्ति ऐप के बारे में बताया

**जासं, रुद्रपुर** : सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वयं सेवियों को गौरा शक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी गई। उप निरीक्षक अशोक सिंह फर्त्याल, दीप चंद और नेहा पाडेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को महिलाओं की सुरक्षा के लिए उत्तराखड पुलिस द्वारा निर्मित 'गौरा शक्ति ऐप' की जानकारी दी। गौराशक्ति ऐप के माध्यम से महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में पुलिस को शिकायत कर सकती हैं। इस मौके पर डा. शलभ गुप्ता, नीतू, मनीषा, दीक्षा, निकहत, रिया, आरजू, शाइस्ता, राहुल, भास्कर सिंह आदि मौजूद थे।

### गौरा शक्ति ऐप की दी गई जानकारी

**जासं, रुद्रपुर** : दिल्ली पब्लिक स्कूल में बगवाड़ा पुलिस चौकी सब इंस्पेक्टर अशोक कांडपाल ने छात्राओं को गौरा शक्ति ऐप की जानकारी दी। महिलाओं की सुरक्षा के लिए उत्तराखड पुलिस ने गौरा शक्ति नाम से मोबाइल ऐप बनाया है। इसके माध्यम से महिलाएं आपात स्थिति में पुलिस से शिकायत कर सकती हैं। अपराध के बारे में फोटो और वीडियो सहित शिकायत कर सकता है। इससे आनलाइन शिकायत की जा सकती है। डायल 112 पर सीधे काल की जा सकती है। इंटरनेट मीडिया पर अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।



06/12/22
Seen

(3)







06/12/22

Seen